अमर उजाला 25/03/2023

# शहीद भगत सिंह आज भी प्रेरक व्यक्तित्व : डॉ. रोहित

**अंबाला।** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक वेबिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि आज की नौजवान पीढ़ी के लिए भगत सिंह एक आदर्श हैं और वह आज भी पहले की तरह ही प्रसिद्ध हैं। एमडीएसडी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. किरण आंगारा ने बताया कि भगत सिंह एक ऐसी शख्सियत हैं जिनका दूसरा कोई सानी नहीं है इसीलिए उनके भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र के लाडवा स्थित इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज की सहायक प्रवक्ता डॉ. सुमन सिवाच ने व्याख्यान में बताया कि भगत सिंह ने छोटी उम्र में वह कर दिखाया जो आज के बड़े-बड़े नेताओं के द्वारा भी नहीं किया जा सकता। उनकी कार्यशैली, उनके विचार, उनका उद्देश्य सभी में समानता थी। संवाद